# भारत-श्रीलंका संबंध

## प्रलिम्सि के लिये:

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF), श्रीलंका के आधिकारिक लेनदार, विश्व बैंक, वैश्विक वित्तीय स्थिरिता रिपोर्ट, भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता, श्रीलंका के संविधान का 13वाँ संशोधन।

## मेन्स के लिये:

भारत-श्रीलंका संबंध, भारत-श्रीलंका संबंधों के विषय में हालिया मुद्दे।

## चर्चा में क्यों?

**एशियाई द्वीप राष्ट्र के पहले द्विपक्षीय लेनदार** के रूप में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष **(International Monetary Fund- IMF)** को लिखित वित्त संबंधी आश्वासन भेजकर पिछले वर्ष हुए आर्थिक गिरावट के बाद **इसके आवश्यक ऋण पुनर्गठन कार्यक्रम** का आधिकारिक समर्थन किया है।

- भारत के विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान **उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (High Impact Community Development Project- HICDP)** की सीमा बढ़ाने के संबंध में भारत और श्रीलंका के बीच एक द्विपक्षीय समझौते पर भी हस्ताक्षर किये गए थे।




//

## भारत के वित्तीय आश्वासन का महत्त्व:

- शरीलंका के आधिकारिक लेनदारों जैसे कि **चीन, जापान और भारत** द्वारा श्रीलंका को पर्याप्त वित्तपोषण आश्वासन प्रदान किये जाने के बाद ही **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा श्रीलंका को 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अंतिम पैकेज जारी किया जाएगा।**
- वित्तपोषण संबंधी आश्वासन के निर्णय का आधार **भारत के "पड़ोसी पहले (Neighborhood First)" के सिद्धांत पर आधारित** है।

## भारत -श्रीलंका संबंध:

- **परिचय:**
  - **भारत और श्रीलंका हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित दो दक्षिण एशियाई देश** हैं। भौगोलिक रूप से देखें तो श्रीलंका पाक जलसंधि द्वारा विभाजित भारत के दक्षिणी तट से कुछ दूर स्थित है।
    - इस निकटता का दोनों देशों के बीच संबंधों पर बहुत प्रभाव पड़ा है।
  - कई समुद्री मार्गों के केंद्र में श्रीलंका का होना इसे हिंद महासागर में भारत के लिये नियंत्रण का बिंदु बनाता है, जो व्यापार और सैन्य गतिविधियों के लिये सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण जलमार्ग है।
- **संबंध:**
  - **ऐतिहासिक संबंध:** भारत और श्रीलंका के बीच प्राचीन काल से ही **सांस्कृतिक, धार्मिक और व्यापारिक संबंधों** का एक लंबा इतिहास रहा है।
    - दोनों देशों के बीच मज़बूत सांस्कृतिक संबंध हैं, कई श्रीलंकाई अपनी विरासत की जड़ें भारत में खोजते हैं। बौद्ध धर्म जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी, श्रीलंका में भी एक महत्त्वपूर्ण धर्म है।
  - **आर्थिक संबंध:** अमेरिका और ब्रिटेन के बाद **भारत श्रीलंका का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।** श्रीलंका के 60% से अधिक का निर्यात भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौते के अंतर्गत होता है। **भारत श्रीलंका में एक प्रमुख निवेशक** भी है।
    - **भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** वर्ष 2005 से 2019 के बीच लगभग **1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर** था।
  - **रक्षा:** भारत और श्रीलंका संयुक्त सैन्य (मित्र शक्ति) और नौसेना अभ्यास (SLINEX) आयोजित करते हैं।
- **भारत-श्रीलंका संबंधों में बीच मुद्दे:**
  - **मछुआरों की हत्या:** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों की हत्या दोनों देशों के बीच एक पुराना मुद्दा है।
    - **वर्ष 2019 और वर्ष 2020 में कुल 284** भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया तथा **कुल 53 भारतीय नौकाओं को श्रीलंकाई अधिकारियों ने ज़ब्त कर लिया।**
  - **चीन का प्रभाव:** श्रीलंका में चीन का तेज़ी से बढ़ता आर्थिक हित और परिणाम के रूप में राजनीतिक दबदबा भारत-श्रीलंका संबंधों को तनावपूर्ण बना रहा है।
    - चीन पहले से ही श्रीलंका में सबसे बड़ा निवेशक है, जो कि वर्ष 2010-2019 के दौरान कुल **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** का लगभग 23.6% था, जबकि भारत का हिस्सा केवल 10.4 फीसदी है।
  - **श्रीलंका का 13वाँ संविधान संशोधन:** यह एक संयुक्त श्रीलंका के भीतर समानता, न्याय, शांति और सम्मान के लिये तमिल लोगों की उचित मांग को पूरा करने हेतु प्रांतीय परिषदों को आवश्यक शक्तियों के हस्तांतरण की परिकल्पना करता है।
    - भारत इसके कार्यान्वयन का समर्थन करता है लेकिन श्रीलंका सरकार ने अभी तक **13वें संशोधन को 'पूरी तरह से लागू' नहीं** किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF):

- **परिचय:**
  - द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व बैंक के साथ IMF की स्थापना युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण में सहायता के लिये की गई थी।
    - दोनों संगठनों की स्थापना पर अमेरिका के ब्रेटन वुड्स में आयोजित सम्मेलन में सहमति बनी। इसलिये इन्हें **'ब्रेटन वुड्स जुड़वाँ'** के रूप में जाना जाता है।
  - IMF उन समस्त 190 देशों द्वारा शासित और उनके प्रति जवाबदेह है जो इसकी निकट-वैश्विक सदस्यता लिये हुए हैं।
    - भारत **27 दिसंबर, 1945** को इसमें शामिल हुआ।
- **उद्देश्य:**
  - IMF का प्राथमिक उद्देश्य **अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु** विनिमय दरों और अंतर्राष्ट्रीय भुगतान प्रणालियों को देशों (और उनके नागरिकों) के मध्य लेन-देन हेतु सक्षम बनाना है।
  - वैश्विक स्थिरता पर असर डालने वाले **सभी व्यापक आर्थिक और वित्तीय क्षेत्र** के विषयों को शामिल करने के लिये वर्ष 2012 में फंड आज्ञापत्र को अद्यतन किया गया था।
- **IMF की रिपोर्ट:**
  - **वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट।**
  - वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक

## निष्कर्ष:

भारत ने अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को सशक्त करने हेतु 'नेबरहुड फर्स्ट पालिसी' का पालन किया है, भारत, श्रीलंका को मौजूदा संकट से बाहर निकालने और श्रीलंका को उसकी क्षमता का एहसास कराने में **मदद करने के लिये अतिरिक्त कदम** उठा सकता है, ताकि **एक स्थिर, मैत्रीपूर्ण पड़ोस का लाभ उठाया जा सके।**

## यूपीएससी सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

### [illegible]:

**प्रश्न. एलफिंट पास, जो कभी-कभी समाचारों में देखा जाता है, का उल्लेख नम्निलखिति में से कसि एक के मामलों के संदर्भ में कयिा गया है? (2009)**

(a) बांग्लादेश
(b) भारत
(c) नेपाल
(d) श्रीलंका

**उत्तर: (d)**

---

### [illegible]:

**प्रश्न. भारत-श्रीलंका संबंधों पर चर्चा करें क घिरेलू कारक वदिेश नीत किो कैसे प्रभावति करते हैं। (2013)**

**प्रश्न. 'भारत, श्रीलंका का सदयिों पुराना दोस्त है। पछिले वक्तव्य के आलोक में श्रीलंका में हाल के संकट में भारत की भूमकिा पर चर्चा कीजयिे। (2022)**

## स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-sri-lanka-relations-1